भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. ∗257.

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

अंगमाली - तिरुवनंतपुरम ग्रीनफील्ड राजमार्ग

∗257. एडवोकेट के. फ्रांसिस जॉर्ज:

एडवोकेट डीन कुरियाकोस:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अंगमाली से तिरुवनंतपुरम और कोच्चि से धनुषकोडी के बीच प्रस्तावित ग्रीनफील्ड राजमार्गों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने 'विज़न 2037' पहल के तहत केरल में प्रस्तावित अंगमाली- तिरुवनंतपुरम ग्रीनफील्ड राजमार्ग परियोजना के कार्यान्वयन को स्थगित करने का निर्णय लिया है और यदि हां, तो ऐसे निर्णय के कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) अंगमाली- तिरुवनंतपुरम ग्रीनफील्ड राजमार्ग के प्रस्तावित संरेखण का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार परियोजना के अविलंब कार्यान्वयन पर पुनर्विचार करेगी और यदि हां, तो इसके लिए क्या समय- सीमा है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

"अंगमाली - तिरुवनंतपुरम ग्रीनफील्ड राजमार्ग" के संबंध में एडवोकेट के. फ्रांसिस जॉर्ज और एडवोकेट डीन कुरियाकोस द्वारा पूछे गए दिनांक 12.12.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *257 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ) राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा)/एक्सप्रेसवे का उन्नयन/विकास मानदंडों को पूरा करने, संपर्कता की आवश्यकता, पारस्परिक प्राथमिकता, निधियों की उपलब्धता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर किया जाता है।

वर्तमान में, अंगमाली से तिरुवनंतपुरम और कोच्चि-मुन्नार-धनुषकोडी के बीच ग्रीनफील्ड संरेखण के विकास का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****